सार-समाचार

## प्रदर्शनी का उदघाटन



**उदयपुर**, (कासं)। विद्याभवन स्कूल में वार्षिकोत्सव प्रायोजना के तहत प्रदर्शनी लगायी गई। प्रदर्शनी का उदघाटन जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो एस.एस.सारंगदेवोत ने किया। इस बार विद्यालय ने(विश्व की प्राचीन सभ्यताएं) थीम को चुना। एक महिने तक विद्यार्थियों ने इस पर गहन अध्ययन करते हुए फाईलें, चार्ट, मॉडल्स, पेन्टिंग्स आदि तैयार किये। विद्यालय के कुल 950 बच्चों ने 4 उप-समुहों में बंट कर प्रोजेक्ट एवं मॉडल्स तैयार किये। इन प्रोजेक्ट कार्यों में बच्चों ने पुरातात्विक सिंधु घाटी सभ्यता, मिश्र की सभ्यता, बेबीलोन की सभ्यता (मेसोपोटामिया सभ्यता) और ग्रीक सभ्यता (यूनानी सभ्यता) सभ्यताओं में बांटकर वहां से सम्बन्धित अध्ययन कर विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी व विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए और उनका प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्याभवन सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कुमार तायलिया, विद्याभवन सोसायटी के मानद सचिव श्री गोपाल बम्ब, विद्याबंधु संस्थान अध्यक्षा पुष्पा शर्मा और विद्याभवन समिति कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। स्वागत् की रस्म विद्यालय के प्राचार्य पुष्पराज राणावत ने अदा की। मुख्य अतिथि प्रो. सारंगदेवोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि हजारों वर्ष पूर्व जिस तरह का शहरीकरण, ग्रामीण जनजीवन, सामाजिक, आर्थिक विकास इन सभ्यताओं में हुआ, उसी ज्ञान का उपयोग करते हुए हम वर्तमान में नगरों, शहरों का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत की सिंधु सभ्यता से अनजान थे। प्रो. सारंगदेवोत ने बच्चों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी की सराहना की और उन्हें आशीर्वचन देते हुए कहा कि विद्यार्थी जो की कच्ची मिट्टी के समान होते हैं लेकिन अध्यापक-अध्यापिका उस कच्ची मिट्टी को विभिन्न रूपों में ढालकर आकार दे रहे हैं, यही बच्चे हमारे भारत का भविष्य है। हमें समय के साथ आगे बढते हुए अब अपनी कुशलता से अनेक कौशल को जानने के बारे में जिज्ञासा रखनी चाहिए। स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हम एक नए और नवीन विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं। कार्यकम में धन्यवाद की रस्म गोपाल बम्ब ने अदा की।

## धोखे से दुबारा जमीन बेची

**उदयपुर**, (कासं)।सवीना थाना पुलिस ने काका व भतीजा बहू के खिलाफ बेची हुई जमीन को दोबारा बेच पीडित के साथ धोखाधड़ी करने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित गणेशलाल पुत्र गोपाललाल डांगी निवासी केसरपुरा एकलिंगपुरा सविना ने आरोपी मांगीलाल पुत्र सवाजी गाडरी निवसी गायरियों का मोहल्ला तीतरड़ी तथा उसकी भतीजा बहू गायरियों का मोहल्ला तीतरड़ी निवासी मीना गायरी पत्नी औकारलाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी ने वर्ष 2003-04 में बेची हुई जमीन को मुझे अगस्त 2024 में बेच कर 30 लाख रूपये में रजिस्ट्री करवा दी। कुछ समय बाद नामांतरण करवाने पहुंचा तो पता चला कि उक्त जमीन पूर्व में विक्रय हो चुकी है। इस संबंध में आरोपियों से संपर्क किया तो कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देकर टालम टोल करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन की रजिस्ट्री करवा नकदी हडप ली। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कीं

## धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर**, (कासं)। ऋण किश्त चुकाने के बावजूद कार नहीं मिलने पर पीडित ने कंपनी व बैक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित जावेद सैफी पुत्री आलेह हुसैन सैफी निवासी मर्शीदनगर सेक्टर 12 सविना ने आरोपी राजेश मोटो कोर्प प्रा.लि. जरिये डायरेक्टर सिद्धार्थ चिन्तामीण शाह इश्तिहार कोटड़ा लिंक रोड टीपीएम आगरा तथा टॉसपोर्ट नगर आगरा रोड़ जयपुर एवं ब्रांच मैनेजर आईसीआई मधुवन के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि कोरोना से पूर्व किया मोटर कंपनी से कार बुक करवाई थी। दो लाख रूपये जमाकरवा कर शेष नकदी बैक से ऋण लिया था। कोरोना होने से कार नहीं मिल पाई तथा कोरोना समाप्त होने पर संपर्क किया तो बुक करवाया मोड़ल उपलब्ध नहीं हो गया। इस दौरान नकदी कार ऋण की किश्ते चुकाना शुरू कर मैने एतराज किया तो आरोपियों ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। कंपनी ने न तो कार उपलब्ध कराई न नकदी वापस लौटाई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## किशोरी ने की आत्महत्या

**उदयपुर**, (कासं)। ननिहाल मेहमान आई किशोरी ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाघपुरा थाना क्षैत्र नेनबारा गांव में पेड़ पर जाबला फला नला टीडी थाना निवासी सुमित्रा (17) पुत्री गणेश मीणा ने शुक्रवार को फांसी लगा ली। सुमित्रा नेनबारा में ननिहार में रह रही थी। शुक्रवार सवेरे घर से निकल कर उसने टीमरू के पेड़ पर फांसी लगा ली। इसकी सूचना मिलने पर थानाधिकारी वैलाराम ने मौके पर पहुंच कर निचे उतरवा झाड़ोल चिकित्सालय में शव रखवा कर परिजनों को सूचना दी। शनिवार को परिजनों के आने पर मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# 'देसूरी की नाल के विकास को मिलेगी गति, डीपीआर शीघ्र होगी तैयार'

**राजसमंद**, ०(निसं)। मेवाड और मारवाड को जोडने वाली देसूरी की नाल के दिन जल्द बदलने वाले हैं। राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने बताया कि इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य जल्द पूरा होगा, जिसके बाद डीपीआर अनुसार निर्माण कार्य शुरू होंगे जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को सुरक्षित, दुर्घटना मुक्त और सुगम यात्रा का लाभ मिल सकेंगा। र

सांसद मेवाड लंबे अरसे से देसूरी की नाल के सुधार के लिए प्रयासरत थी। उन्होंने केन्द्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से

■ **सड़क निर्माण, एलिवेटेड रोड, धरोहर संरक्षण सहित कई विषयों पर हुई चर्चा**

मुलाकात कर देसूरी की नाल संबंधित विकराल जन समस्या से अवगत कराया था। इसे पश्चात सांसद ने लोकसभा के शीतकालीन सत्र में शून्यकाल के दौरान भी देसूरी की नाल की समस्याओं का जल्द निराकरण करने की मांग उठाई थी। शनिवार को उनकी भेंट केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा से हुई, इस दौरान पुनः देसूरी की नाल के विषय पर चर्चा हुई। केंद्रीय राज्यमंत्री ने सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 ई के सम्बन्ध में खामियों को दूर करने के साथ-साथ देसूरी की नाल में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं के लिए सडक की चौडाई बढाने एवं देसूरी की नाल में टनल, एलिवेटेड रोड बनाने के लिए डीपीआर बनाने के लिए स्वीकृति सम्बन्धित विभाग को देना अवगत कराया। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने अवगत कराया कि डीपीआर का काम जल्द पूरा होगा। देसूरी की नाल मेवाड और मारवाड (राजसमंद और पाली) के बीच प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं। हाल ही में एक स्कूल बस के पलटने की घटना के साथ-साथ कालांतर में यहां कई बडे हादसे हो चुके हैं।

सांसद मेवाड के अथक प्रयासों से इस महत्वपूर्ण सडक के पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। डीपीआर की प्रक्रिया पूरी होते ही टेंडर जारी किए जाएंगे और निर्माण कार्य शुरू होगा। इस विकास से स्थानीय निवासियों, यात्रियों और व्यापारिक गतिविधियों को बडी राहत मिलेगी।सांसद मेवाड ने केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री को हल्दीघाटी का हवाला देते हुए निर्माण कार्यों के दौरान विरासत को संरक्षित रखने की बात कही। साथ ही भीम में नेशनल हाईवे पर एलिवेटेड रोड को लेकर क्षेत्र के लोगों की मांग को समक्ष रखा, जिस पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिया।



**केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा को मांग पत्र सौंपती सांसद महिमा कुमारी मेवाड।**

## 'भाजपा सरकार बड़े निर्णय लेने में पूरी तरह विफल'

**उदयपुर**, (कासं)। राजस्थान में कांग्रेस ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उसे असफल और दिशाहीन बताया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह सरकार बडे निर्णय लेने में पूरी तरह विफल रही है और जनता को राहत देने के बजाय केवल प्रचार में व्यस्त है।

डोटासरा ने उदयपुर के डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि राज्य सरकार परीक्षाएं सुरक्षित रूप से आयोजित नहीं कर पा रही है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। उन्होंने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सरकार ही लीक हो गई है।

यह बडे पर्चे तो करवा ही नहीं सकती छोटे-छोटे पर्चे भी लीक हो रहे हैं। डबल इंजन सरकार के इंजन उल्टे जुड गए हैं।

# उदयपुर सांसद ने टैक्स छूट का जताया आभार, कांग्रेस ने बताया झूठ का पुलिंदा

**उदयपुर**, (कासं)। संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पेश किए आज बजट 2025 को लेकर आमजन को 12 लाख तक की आय को कर मुक्त करने के फैसले का सबसे ज्यादा स्वागत किया गया है। इससे पीछे तर्क देते हुए कहा गया कि इससे करदाताओं को बडी राहत मिलेगी।

उदयपुर सांसद डा. मन्नालाल रावत ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लिए यह सर्वोत्तम बजट है। गांवए गरीब, वंचित, महिला, युवा, किसान, आदिवासी,दलित, मध्यम वर्ग सभी को समर्थन देता हुआ नजर आता है। सांसद रावत ने कहा कि अब 12 लाख 75हजार की आय पर कोई टैक्स नहीं,यह मध्यम वर्ग को ताकत नरेंद्र भाई मोदी सरकार ने दी है। वे बोले कि बजट मे इन्फ्रास्ट्रक्चर, सामाजिक क्षेत्र सहित 10 प्राथमिकता से समझा जा सकता है कि आदिवासियों को भी पर्याप्त स्थान दिया गया है। यह बजट रिफॉर्मए परफॉर्म व ट्रांसफार्म की राह दिखाता है जो सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के एकदम अनुकूल है।आईसीएआई उदयपुर के पूर्व अध्यक्ष सीए अभिषेक संचेती ने कहा कि निर्मला सीतारमण ने बजट में प्रमुख रूप से कर प्रणाली,शहरी विकास, खनन वित्तीय क्षेत्र, ऊर्जा क्षेत्र, नियामक सुधार के क्षेत्रों में सुधार का खाका तैयार किया है। संचेती ने कहा कि 12 लाख तक की आय वर्ग को करमुक्त करने से करदाताओं को बडी राहत मिलेगी जिससे मध्यम वर्ग के हाथों में अधिक पैसा और उपभोग में बढोतरी होगी। विदेशी प्रेषण पर टीडीएस की सीमा सात लाख से बढाकर दस लाख करना स्वागत योग्य कदम है।

शिक्षाविद प्रदीप कुमावत ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जो घोषणाएं की उसमें आधुनिक तकनीकी की बात की गई वह स्वागत योग्य है। कुमावत ने कहा कि स्कूलों में अटल लैब की स्थापना करते हुए अगले 5 सालों में सरकारी स्कूलों में 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करने की घोषणा से विज्ञान में क्रांति आएगी। राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेरसिंह चौहान ने कहा कि कर्मचारियों के लिए 12 लाख का स्लैब रखने का स्वागत करते है। कर्मचारियों के लिए यह स्लैब राहत देगा। सरकारी स्कूलों में ब्रॉडबैंड सर्विसेज देने की बात कही इससे स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थियों को बडा फायदा होगा। उदयपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष रमेश सिंघवी ने कहा कि बजट को प्रगतिशील और आकर्षक बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में किए गए प्रावधानों से भारत के विकास को गति मिलेगी।इधर उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने कहा कि यह बजट भी पिछले दस बजट जैसा पुलिंदा ही है। देश के अन्नदाता एमएसपी की गारंटी मांग रहे है और आज इस बजट में नहीं था। पेट्रोल-डीजल पर कोई राहत इस बजट में नहीं दी है।

# नमित मेहता होंगे उदयपुर कलेक्टर

**उदयपुर**, (कासं)। राज्य सरकार ने 53 आईएएस, 24 आईपीएस, 34 आईएफएस और 113 आरएएस अफसरों के तबादले किए इसमें उदयपुर के भी कई अधिकारी हैं। उदयपुर के कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल, सलूंबर कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को बदल दिया है। अब नमित मेहता उदयपुर के नए जिला कलेक्टर होंगे।

नमित मेहता अभी भीलवाडा कलेक्टर है। उनको सात अवॉर्ड और एक मेडल मिला है। नमित मेहता अगले महीने 24 फरवरी को ही 40 वर्ष के हो रहे हैं ऐसे में उदयपुर को युवा कलेक्टर मिले हैं।अरविंद पोसवाल को मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव लगाया गया है।कलेक्टर नमित मेहता 2012 बैच के आईएएस हैं और 2013 से 2014 के बीच उदयपुर में प्रशिक्षु आईएएस रह चुके हैं। नमित मेहता भीलवाडा कलेक्टर, जैसलमेर, बीकानेर, पाली और भीलवाडा जिले के कलेक्टर रह चुके हैं। इनके अलावा टीएडी आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी को संभागीय आयुक्त लगाया है,हालांकि प्रज्ञा केवलरमानी अभी तक संभागीय आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रही थीं। शक्ति सिंह राठौड को टीएडी आयुक्त लगाया गया है। 2021 बैच की रीया डाबी को जिला परिषद सीईओ लगाया है। 20022 बैच की आईएएस सोनिका कुमारी को एसडीएम गिर्वा और भैसारे शुभम अशोक को एसडीएम गोगुंदा लगाया गया है।आईएएस की सूची में आईएएस रिया डाबी को कलेक्टरी में स्थित एसडीएम गिर्वा से तबादला कर उदयपुर जिला परिषद सीईओ लगाया गया है। इसी प्रकार उद्योग विभाग के विशेषाधिकारी भैसारे शुभम अशोक को गोगुंदा और उद्योग विभाग में विशेषाधिकारी सोनिका कुमारी को गिर्वा एसडीएम लगाया है। मुख्य वन संरक्षक,वन्यजीव उदयपुर एस.आर. वैंकटेश्वर मूर्थी को मुख्य वन संरक्षक, आयोजना जयपुर वन संरक्षक, प्रोटेक्शन जयपुर सेडु राम यादव को मुख्य वन संरक्षक,(टेरिटोरियल) उदयपुर और सुनील वन संरक्षक को वन संरक्षक वन्यजीव लगाया गया है। आरएएस अधिकारी जिला परिषद सीईओ हेमेन्द्र नागर अब यूडीए उदयपुर में सचिव होंगे।

सार-समाचार

## डॉ. देवडा अवार्ड से सम्मानित



**उदयपुर**, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कंप्यूटर साइंस एवं आईटी विभाग में कार्यरत सहा.आचार्य डॉ. भारत सिंह देवडा को जयपुर में यूनी टीस द्वारा आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्टू पुर्तगाल से डॉ जेएम आरएस टैवर्स ,यूनिवर्सिटी ऑफ मोलाइस से प्रो हेड डॉ फ्रांसिस्को डी वर्जीलियो व के के कंसलटेंसी जयपुर के सीईओ विजय सिंह राठौड उपस्थित थे। गौरतलब है कि इस सम्मेलन में विशेष रूप से उन्हें सम्मानित किया जिनके आजीवन योगदान ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों को राष्ट्रहित में प्रभावित करने के साथ भावी पीढयों को प्रेरित किया है। डा.देवडा के नाम 5 पेटेंट, 5 प्रकाशित पुस्तकें और 11 प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंत राष्ट्रीय पुरस्कार दर्ज हैं। डॉ. देवडा का 29 वर्षो से अधिक का गौरवपूर्ण कार्यकाल कंप्यूटर साइंस और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। उनके अनुसंधान, नवाचार, और युवा प्रतिभाओं के मार्गदर्शन ने शिक्षा जगत और उद्योग दोनों में अमिट छाप छोडी है।

## महेश शर्मा अध्यक्ष बने

**उदयपुर**, (कासं)।इंडियन योग एसोसिएशन की राजस्थान की नई कार्यकारिणी की घोषणा उदयपुर में की गई। एसोसिएशन की नवीन राज्यस्तरीय कार्यकारिणी के गठन की बैठक केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य व एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सुबोध तिवारी की अध्यक्षता में सुविवि के गेस्ट हाउस स्थित बप्पा रावल सभागार में हुई। इसमें सर्वसम्मति से महेश शर्मा को अध्यक्ष, योगाचार्य ढाकाराम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. हनुवंत सिंह राजपुरोहित व मेघसिंह को उपाध्यक्ष, डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान को सचिव, हिमांशु पालीवाल को संयुक्त सचिव, दीक्षा जामवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। आयुष मंत्रालय की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य सुबोध तिवारी ने कहा कि आज के अतिव्यस्त जीवन में योग का विशेष महत्व है और यही कारण है कि देश-दुनिया के हर वर्ग की रुचि योग के प्रति दिन-ब-दिन बढती जा रहा है।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर**, (कासं)। शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी राहुल पुत्र हूरजी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कवाया। जिसमें उसने बताया कि 7 मई 2024 को मैं स्कूल से घर लौट रही थी। इस दौरान बीच रास्ते मिले आरोपी मां के बुलावे का झांसा देकर आरोपी मुझे साथ ल्केर घर नहीं छोड़ कर अन्य स्थान पर ले गया। जहां मुझे पत्नी के रूप में साथ रख कर उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। गत दिनों मौका मिलने पर आरोपी के चंगुल से निकल कर घर लौट कर परिजनों को आपबीती बताई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच वाघपुरा थाना अधिकारी वेलाराम को सौंपी है।

## वृद्ध की हादसे से मौत

**उदयपुर**, (कासं)। राह चलते गिरने से नाले में गिरने पर वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात में सूरजपोल थाना क्षैत्र टेकरी निवासी शंकरलाल (90) पुत्र किशन लाल माली की राह चलते नाले में गिरने पर मौत हो गईं। रात में शंकरलाल खाना खाने के बाद पैदल पैदल घुमने के लिए निकला था। इस दौरान वह नाले में गिर पड़ा। जिससे उसकी मौत हो गई। रात में घर नहीं लौटने पर तलाश में निकले परिजनों को वह नाले में पडा मिला। इस पर सूचना मिलने पर एएसआई तेजसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## युवा कांग्रेस मासिक बैठक आयोजित

**उदयपुर**, (कासं)। युवा कांग्रेस उदयपुर शहर की मासिक बैठक स्थानीय कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष हर्षवर्द्धनसिंह केलावत थे व मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस शहर प्रभारी मानव गुप्ता थे। बैठक में जिलाध्यक्ष हर्षवर्द्धनसिंह केलावत ने बताया कि युवा कांग्रेस उदयपुर शहर एक जुट होकर वार्ड स्तर पर शीघ्र ही टीम गठित की जायेगी जो आने वाले निगम चुनावों में कांग्रेस का बोर्ड बनवाने में महत्वपूर्ण भूमि अदा करेगी बैठक में युवा कांग्रेस शहर प्रभारी मानव गुप्ता ने बताया कि शहर युवा कांग्रेस टीम पार्टी हित में जो कार्य कर कर रही है वह सराहनीय है। इस अवसर पर बैठक में भेरू लाल गायरी, रवि शर्मा, हार्दिक चोरड़िया, यास्मीन बन्नो, नीरज सालवी, मोहम्मद रज्जा, हिदांशु जैन, चेतन, पराग शर्मा, इनायत खान, अनस पठान एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सांसद रावत सदस्य मनोनीत

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ मन्नालाल रावत को उत्तर पश्चिम रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। भारत सरकार के अवर सचिव अनिल कुमार के अनुसार संसदीय कार्य मंत्री ने सांसद रावत को उत्तर पश्चिम रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति पर सदस्य के रूप में नामित किया है।

# पशुपतिनाथ महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ

**राजसमंद**, (निसं)। अखिल मेवाड क्षेत्र जाट समाज संस्थान मातृकुंडिया के तत्वाधान में पशुपतिनाथ महादेव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह शनिवार को मातृकुंडिया में कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। त्रिवेणी कलश यात्रा में गंगापुर, राशमी और कपासन मार्ग से 11000 से अधिक महिलाओं ने मांगलिक गीत और डीजे की धुन के साथ कलश लेकर यज्ञशाला और मंदिर की तरफ पदार्पण किया जिसके साथ

■ **11000 से अधिक महिलाओं ने धारण किए कलश**

हजारों पुरुषों की उपस्थिति ने मेवाड के हरिद्वार मातृकुंडिया में महाकुंभ का आभास दिया।

कलश यात्रा के बाद मेवाड जाट समाज के सानिध्य में सार्वजनिक सभा भी आयोजित की गई, जिसमें समाज के अध्यक्ष माधव लाल चौधरी, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री रामलाल जाट, विधायक हाकम अली, विधायक पुष्कर डांगी, विधायक प्रत्याशी बद्रीलाल जाट, राजेंद्र त्रिवेदी, चित्तौडगढ कांग्रेस जिलाध्यक्ष भैरूलाल जाट, प्रधान गंगरार रविंद्रसिंह चारण, चित्तौडगढ भूमि विकास बैंक अध्यक्ष बद्रीलाल जाट, पूर्व विधायक डॉ बीआर चौधरी, राजसमंद जिलाध्यक्ष शंकरलाल जाट, भीलवाडा जिलाध्यक्ष रामेश्वर लाल जाट, उदयपुर जिलाध्यक्ष ओंकार वालिया, चित्तौडगढ जिलाध्यक्ष मिट्ठूलाल जाट, महामंत्री अरविंद चौधरी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों और सामाजिक पदाधिकारी ने भाग लिया। नेता प्रतिपक्ष डोटासरा ने जाट समाज को सदैव से सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाला और उनके दुख-दर्द में खडा रहने वाला बताते हुए एक बार पुनः सर्व समावेश को प्रगति के लिए आज की आवश्यकता बताया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से समाज को महत्व के लिए आगे आने की बात कही। पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने मेवाड के जाट अग्रजो को याद करते हुए एक बार पुनः सामाजिक जागृति को शैक्षिक माध्यम से उत्पन्न करने का आा ान किया। इससे पूर्व संस्थान अध्यक्ष माधव लाल चौधरी ने पधारे अतिथियों का स्वागत किया। संचालन महामंत्री अरविंद चौधरी और सोहनलाल चौधरी चोगवडी ने किया।



**अखिल मेवाड क्षेत्र जाट समाज संस्थान की ओर से पशुपतिनाथ महादेव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा का स्वागत करते समाजजन।**

## हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। जिले के पहाड़ा थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व मारपीट कर युवक की हत्या करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया है।

प्रकरण के अनुसार पहाड़ा थाना क्षेत्र घाटी गांव निवासी टीमक डामोर ने पुलिस थाने में 28 जनवरी को रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि सांय मैं व मेरा भाई दिलखुश पुत्र ईश्वरलाल पैदल दुकान पर जा रहा था। जहां बीच रास्ते घाटी स्कूल के समीप घात लगाए बैठे घाटी डमोर फला गांव निवासी विक्रम पुत्र नारायण डिण्डोर, आशिष पुत्र नन्दलाल गरासिया निवासी गोविन्द देव पहाड़ा ने मेरे भाई पर हमला कर दिया। इस दौरान मैने व पास खडे शंकरलाल पुत्र धनजी सोलवीया व खेत में काम करती दौड़ कर आई मेरी बहन पुष्पा ने बीच बचाव किया लेकिन चाकू से घाव लगने पर गंभीर होने से निचे गिर पड़ा। जिसे एसएचसी खेरवाड़ा ले गए। वहां से डूंगरपुर चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। इसका पता चलते ही मृतक के परिजनों ने हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए शव लेने से इनकार कर दिया। इधर सूचना मिलने पर पहाड़ा थानाधिकारी उम्मेदीलाल मय जाप्ता मौके पर पहुचे जहां गांव में तनावूपर्ण स्थिति को देख कर उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी।

# केन्द्रीय बजट को सत्तापक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने बताए थोथे वादे

**राजसमंद**, (निसं)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को अपना लगातार 8वां व मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश किया। टोटल 5०.65 लाख करोड के पेश किए गए बजट में नौकरी पेशा के लिए 12.75 लाख तक की आय टैक्स फ्री कर सरकार ने मध्यम वर्ग को साधने का काम किया है। न्यू टेक्स रिजीम के तहत 12 लाख रूपये तक की कमाई पर कोई टेक्स नहीं देना होगा।

नौकरीपेश लोगों के लिए 75 हजार के स्टेंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रूपये हो जाएगी। न्यू टेक्स रिजीम के स्लैब में भी बदलाव किया गया है। बजट में सीतारमण ने इलेक्ट्रिक कार, मोबाइल और एलईडी सस्ते होने का रास्ता खोला। कैंसर और कुछ जरूरी दवाओं के दाम भी घटेंगे। केन्द्र सरकार की ओर से पेश किए बजट को सत्तापक्ष के लोगों ने सराहना की तो विपक्ष के लोगों ने इसे थाथे वादे बताएं। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, सांसद महिमा कुमारी मेवाड, विधायक सुरेन्द्रसिंह राठौड, दीप्ति माहेश्वरी, हरिसिंह रावत, विश्वराजसिह मेवाड, जिला प्रमुख रतनी देवी चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ, जिला मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल, मीडिया प्रभारी अरविंदसिह भाटी, जिला उपाध्यक्ष अशोक रांका ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जवाहर जाट सहित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया।

महिमा कुमारी मेवाड, राजसमंद सांसद ने कहा कि ये बजट देश की आर्थिक प्रगति, किसानों, युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों के लिए ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत 2०47 के लक्ष्य को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। वित्तमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट सर्वजनहिताय की भावना को साकार करता है और विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बजट में महिला, मजदूर, गरीब, किसान, युवा, व्यापारी और मध्यमवर्गीय परिवारों के कल्याण का विशेष ध्यान रखा गया है। आयकर में दी गई राहत मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करेगी।

दीप्ति माहेश्वरी विधायक, राजसमंदने बताया कि बजट में शिक्षा स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। इससे देश के नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में सुधार आएगा। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से जन स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूती मिलेगी, वहीं मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग क्षेत्र को और स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने से युवा उद्यमियों को नए अवसर मिलेंगे। यह बजट भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने के संकल्प को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

हरिसिंह राठौड, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी राजसमंद ने बताया कि इस बजट में युवाओं एवं महिला सशक्तिकरण के लिए कुछ नहीं है। किसानों की आय दोगुना करने के लिए कोई रोडमेप नहीं है कृषि के सामान पर जीएसटी दर में कोई रियायत नहीं दिया गया। दलित, आदिवासी, पिछडे वर्ग, गरीब और अल्पसंख्यक बच्चों के स्वास्थ, शिक्षा, स्कॉलरशिप की कोई योजना नहीं है। गरीब की आय को बढाने के लिए कुछ नहीं किया गया है। कुल मिलाकर इस बजट से मोदी सरकार द्वारा लोगों की आँखों में धूल झोंकने का प्रयास है।

बजट आशा के अनुरूप नहीं है। मध्यम वर्ग की आय बढे उसके लिए बजट में कुछ नहीं है। राजस्थान के लिए कोई विशेष योजना नहीं तथा गृहणियों के लिए के लिए कोई फायदा नहीं, कुल मिलाकर बजट आम जनता को भ्रम में रखने वाला एवं निराशाजनक है। बजट में केवल मात्र झुनझुना दिया है, देश के किसानों, युवावर्ग एवं छोट व्यपारी वर्ग के लिए कुछ नहीं दिया है।